कार्यालय, नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश, भोपाल

होशंगाबाद रोड़, गायत्री मंदिर के पास, भोपाल, पिन - 462011
Tel. 0755-2551017, 2551021 Email-cwmbho@mp.nic.in

क्रमांक 823 **/नातौ/अ-1(1)एफ-34/2019** **भोपाल, दिनांक:** 06**/03/2019**

प्रति,

समस्त निरीक्षक
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्यप्रदेश

विषय:- उपार्जन नीति के तहत उपार्जन केन्द्रों एवं भंडार ग्रहों तथा भंडार ग्रहों के आस-पास के नाप-तौल उपकरणों एवं व्हे-ब्रिज (धर्मकांटा) के सत्यापन संबंधी।

संदर्भ :- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1325/नातौ/अ-1(1)/2018 दिनांक 03.04.2019.

-------- 000 --------

उपरोक्त विषयांतर्गत प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मण्डी बोर्ड) द्वारा उपार्जन केन्द्रों पर उपयोग किये जा रहे या उपयोग के लिये रखे गये तौल यंत्रों, धर्मकांटों के सत्यापन स्टाम्पन के दौरान, फुल प्रूफ सीलिंग प्रक्रिया सुनिश्चित किये जाने के प्रति ध्यान आकर्षित किया है, तत्सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि संदर्भित पत्र में वर्णित सीलिंग प्रक्रिया का अनुपालन करने के साथ-साथ तौलयंत्रों , धर्मकांटो के समस्त भागों को उपयुक्त वायर /धागे से टेम्पर प्रूफ सीलिंग करना सुनिश्चित करें ताकि सत्यापन स्टाम्पन पश्चात सील तोड़े बिना तौलयंत्र, धर्मकांटो की यथार्थता (accuracy) में अनापेक्षित रूप से कोई बदलाव नहीं किया जा सके।

नोट :- सर्व सम्बन्धित अनुज्ञप्तिधारी निर्माता / विक्रेता / सुधारकों को आवश्यक दायित्व निर्वहन हेतु सूचित करें।

(एस.के. जैन)
नियंत्रक
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
म0प्र0 भोपाल

पृ.क्र. 824 **/नातौ/अ-1(1)एफ-34/2019** **भोपाल, दिनांक:** 06**/03/2019**

प्रतिलिपि:-

1. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मण्डी बोर्ड), कृषि भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. समस्त उप / सहायक नियंत्रक नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधिनस्थ निरीक्षकों से दिये गये निर्देशों का पालन आवश्यक रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें।

नियंत्रक
नाप-तौल (विधिक मापविज्ञान)
म0प्र0 भोपाल